## एक नजर में

### महिला पर गिरी आकाशीय बिजली

**ब्यावरा 02 जुलाई, का.** जीरापुर के समीप बांसखेड़ी गांव में भैंस चराने गई एक महिला आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई. हादसे में 50 वर्षीय सज्जन बाई गुर्जर गंभीर रूप से झुलस गईं. घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल जीरापुर लेकर पहुंचे. यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रेफर कर दिया. बताया जा रहा है कि सज्जन बाई खेत में पशु चरा रही थीं, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिर गई.

### आजीविका मिशन का जिला स्तरीय शुभारंभ गोपालपुर में

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन का जिला स्तरीय कार्यक्रम राजगढ़ के ग्राम गोपालपुर में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सरपंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि योजना के माध्यम से गांवों में रोजगार सृजन, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा आजीविका संवर्धन के कार्य स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप किए जाएंगे.

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु दीक्षारंभ समारोह

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजगढ़ में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन हेतु सेमिनार हॉल में गरिमामय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया. प्राचार्य डॉ. वी. बी. खरे ने विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिवार में स्वागत करते हुए अनुशासन, नियमित अध्ययन, नैतिक मूल्यों तथा व्यक्तित्व विकास पर विशेष बल दिया. कार्यक्रम में डॉ. एम. लुकमान मंसूरी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी. डॉ. मोहन पुरी, श्रीमती सीता आठिया, डॉ. शैलेन्द्र कुमार मेवाड़ा, प्रो. प्रकाश कुमार अहिरवार ने महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं छात्रहित की अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं. इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मंगलेश सोलंकी, डॉ. अजय कुमार सोनी ने सफल एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं.

### 910 लोग को सेफ क्लिक से अवगत कराया

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** गुरूवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 23 साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 910 नागरिकों, विद्यार्थियों, व्यापारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई. कार्यक्रमों के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, ऑनलाइन निवेश, केवाईसी अपडेट, बैंक फ्रॉड, ओटीपी साझा करने, सोशल मीडिया ठगी, फर्जी लिंक एवं अन्य साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी गई. साथ ही किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन अथवा वेबसाईट पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया.

---

जिले में गुरुवार दोपहर बाद जमकर बारिश हुई, सभी तहसीलों में देर शाम तक बारिश का क्रम जारी रहा

# जिले में खुलकर, जमकर और झूमकर बरसे बदरा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 02 जुलाई, का. बारिश ने गुरूवार दोपहर बाद पूरे जिले में एक साथ अपनी आमद दी. एक ही सुर में बादलों ने खुलकर, जमकर और झूमकर ताल मिलाई. जिले भर में जोरदार बारिश ने लोगों को मुस्कराने का मौका दिया. लंबे समय से उमस से परेशान लोग मानसून की बारिश का इंतजार कर रहे थे. 2 जुलाई को दोपहर बाद बारिश शुरू हुई जो कि देर शाम तक रूक-रूककर जारी रही. वहीं किसानों ने भी इस बारिश से राहत ली है. बीते एक सप्ताह से रिस्क लेकर बोवनी करने वाले किसान अब तक बोए गए बीज को लेकर निश्चिंत हो गए है.**

उल्लेखनीय है कि जिले के पचोर, ब्यावरा, जीरापुर, नरसिंहगढ़, माचलपुर, खिलचीपुर में जमकर बरसात हुई. हालांकि मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में गुरूवार को तेज बारिश का अलर्ट दिया था उनमें राजगढ़ जिला भी शामिल था. काफी लंबे अरसे बाद बारिश से माना जा रहा है कि मानसून अब अपनी लय बना चुका है और यह क्रम लंबे समय तक जारी रहेगा.



**बीते 4 सालों में इस प्रकार है जिले की औसत वर्षा**

| | |
|---|---|
| वर्ष 2022-23 | 1915 .1 मिमी |
| वर्ष 2023-24 | 797 .3 मिमी |
| वर्ष 2024-25 | 1380 .0 मिमी |
| वर्ष 2025-26 | 1453 .0 मिमी |



### बीते 2 सालों में जुलाई के पहले सप्ताह में बारिश के आंकड़े

जुलाई 2025 के पहले सप्ताह ही जिले की औसत वर्षा 330 .7 एमएम हो चुकी थी. गौरतलब है कि इस बार समय पर जून माह में ही जिले में बारिश का आगमन हो गया. कहीं तेज और कहीं मध्यम बारिश होने लगी. बोवनी भी सही समय पर हो गई. फसल के हिसाब से भी बेहतर बारिश हो रही है. 6 जुलाई की सुबह 8 बजे तक जिले की औसत वर्षा 330 .7 एमएम हो गई थी. जबकि इसके पूर्व 2024 में जुलाई के पहले सप्ताह में 200 एमएम ही बारिश हो पाई थी. जिले में अभी तक सर्वाधिक बारिश ब्यावरा में दर्ज की गई है. बारिश का आंकड़ा इस प्रकार है. जीरापुर 269 एमएम, खिलचीपुर 291 .4, राजगढ़ 342 .4, ब्यावरा में 475 .2 एमएम, नरसिंहगढ़ 370 .4, सारंगपुर 167 .4 तथा पचोर में 340 .2 एमएम बारिश दर्ज हुई.

### 35 दिनों में 124 मिमी बारिश दर्ज

जिले में बीते 1 जून से लेकर 2 जुलाई की सुबह तक 124 मिमी बारिश दर्ज की गई है. जबकि गत वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 200 मिमी के ऊपर था. यानी बारिश का मीटर बीते साल की तुलना में कमजोर है. बारिश देर आई मगर गत वर्ष की तुलना में दुरूस्त नहीं आई है. गुरूवार दोपहर बाद हुई बारिश से माना जा रहा है कि बीते वर्ष जुलाई के पहले सप्ताह में हुई बारिश के आंकड़े को इस बार भी पार किया जा सकता है. जो कि वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है.

### तेज बारिश में हाईवे पर पानी भराया

**पचोर 02 जुलाई, सं.** मानसून की पहली जोरदार बरसात के चलते नगर के प्रमुख मार्ग एवं कॉलोनी में नालियों में पानी भराव से घरों में पानी घुस गया. हर व्यक्ति पानी निकासी की व्यवस्था में जुट गया. नगर के प्रमुख प्रेस कॉलोनी वार्ड नंबर 15 शिव धाम कॉलोनी वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 करोडिया कॉलोनी बजरंग कॉलोनी वार्ड नंबर 6 में हालत काफी खराब दिखाई दिए. शिव धाम कॉलोनी शनि कॉलोनी का पानी पुराना नाला अवरोध करने से इन कॉलोनी का पानी सर्विस रोड पर जैन होटल एवं अंगठी होटल सामने सर्विस रोड पर 4 फीट से लेकर 5 फिट तक जमा हो गया जिससे आवागमन में नागरिकों को काफी असुविधा हुई वही दुकानों में भी पानी घुस गया.

### करंट लगने से गाय की मौत

**सारंगपुर 02 जुलाई, सं.** विद्युत मंडल द्वारा बारिश के पूर्व मेंटेनेंस के नाम पर कटौती की जाती है और बिजली के तारों को सुधार किया जाता हैं. बारिश के मौसम में विद्युत पोल पर करंट फैलने की घटनाओं के बावजूद सुधार नहीं है. ताजा मामला बागकुंआ टंकी के वार्ड 15 में गुरुवार को एक विद्युत पोल में बारिश के दौरान करंट फैल गया. जिससे गाय की मौत हो गई. विद्युत पोल के पास जल स्रोत के रूप में हैण्डपंप भी लगा हुआ है. जहां पर बड़ी संख्या में आमजन पानी भरते हैं अगर वहां पर कोई मौजूद रहता तो बड़ी घटना हो सकती थी.

---

# युवक ने कर्ज चुकाने खुद से लूट की कहानी बनाई

अपने कार्यालय से 1 लाख रूपए लूट दिखाकर घर में रखे



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 02 जुलाई, का. थाना कुरावर पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाई करते हुए मात्र 06 घंटे में झूठी लूट की घटना का सफल खुलासा किया.**

बीते बुधवार 01 जुलाई को रात्रि लगभग 09.30 बजे आवेदक दीपक महावर निवासी ग्राम मोयलीकला द्वारा डायल-112 एवं थाना कुरावर पर सूचना दी गई कि वह अपने मित्र मतीन स्वाँ के साथ बी.एस.एस. सोनाटा माइक्रोक्रेडिट प्रालि के कार्यालय, जीन मोहल्ला कुरावर से नकदी लेकर घर लौट रहा था. मोयलीकला जोड़ से लगभग 500 मीटर आगे अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उसकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर 1 लाख 50 हजार से भरा बैग लूट लिया.

घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल विशेष पुलिस टीम गठित कर घटनास्थल का निरीक्षण, स्थानीय पूछताछ, तकनीकी साक्ष्यों का परीक्षण एवं आवेदक से गहन पूछताछ की गई. जांच के दौरान आवेदक के कथनों में लगातार विरोधाभास पाए जाने पर सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वीकार किया कि उसके साथ कोई लूट की घटना नहीं हुई थी.

आवेदक ने बताया कि वह मजदूरी करता है तथा कर्ज में होने के कारण लालचवश उसने लगभग 1 लाख से भरा बैग अपने घर में छिपा दिया था. पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से 1 लाख 50 हजार की झूठी लूट की कहानी गढ़ी थी. पुलिस टीम द्वारा उसके घर से 1 लाख नगद सहित बैग बरामद कर लिया गया. जांच में यह भी सामने आया कि आवेदक के परिजनों को भी लूट न होने की जानकारी थी.

थाना कुरावर पुलिस द्वारा मात्र 06 घंटे में पूरे प्रकरण का सफल खुलासा कर झूठी सूचना का पर्दाफाश किया गया. आवेदक के विरुद्ध झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने के संबंध में पृथक से वैधानिक कार्यवाई की जा रही है. उक्त कार्यवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई, उप निरीक्षक अरविंद सिंह राजपूत, मिथुन जाट, राजेश यादव, अरविंद गोयल एवं प्रदीप भिलाला की सराहनीय भूमिका रही.

---




# माता के नाम औषधि, छायादार पौधे लगाए

भैंसवामाताजी की पहाड़ी पर लगाएंगे सैंकड़ों पौधे

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 02 जुलाई, सं.** प्रसिद्ध माँ बीजासन माता भैंसवा में अनेक प्रकल्प चलाकर समाज को दिशा और दशा देने के लिये कार्य किये जा रहे है. इसी क्रम में सांसद रोड़मल नागर, कलेक्टर गिरीश मिश्रा ने प्रगति संस्थान के पीछे की पहाडी पर बड़, पीपल नीम सहित अन्य छायादार पौधों को लगाया.

सांसद रोड़मल नागर ने कहा की हमारा लक्ष्य है की सभी लगाये गये पौधों की उचित देखभाल कर इन्हें वृक्ष बनायेंगे. पौधों के वृक्ष बन जाने पर पर्यावरण सुधार, छाया, मंद मंद बयार चलने के साथ ही पक्षियों के लिये भी यह वृक्ष आश्रय स्थल बनेंगे.

कलेक्टर गिरीश मिश्रा ने वैदिक पाठशाला में पड़ रहे छात्रों के विषय में जानकारी लेकर उन्हें स्थान और जल की रही समस्या का समाधान किया. वैदिक पाठशाला को नये भवन में शिफ्ट करने के लिये भवन को देखकर उसका जायजा लिया.

# 37 वर्षों की सेवा के बाद संस्था प्रबंधक सेवानिवृत्त

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** प्राथमिक शाख सहकारिता संस्था करेड़ी के संस्था प्रबंधक मोहन शर्मा 37 वर्षों की लंबी, समर्पित और निष्कलंक सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए. उनके सम्मान समारोह में सहकारिता विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए भावपूर्ण विदाई दी. वक्ताओं ने कहा कि वे पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम किया. उनका अनुभव और मार्गदर्शन हमेशा संस्था के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा. इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ, राजगढ़ शाखा प्रबंधक जेपी



विजयवर्गीय, मुकेश शर्मा, रमेश कारपेंटर, यादव प्रसाद शर्मा, मदन तंवर, छबीलाल दांगी, रामेश्वर बैरागी, प्रेम गुर्जर, महेश शर्मा, मुकेश चौहान, जगदीश तोमर शुभचिंतक उपस्थित रहे.

### थाना परिसर में लगाये पौधे

**ब्यावरा 02 जुलाई, का.** पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से जीआरपी थाना परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया. इस दौरान स्टाफ ने सामूहिक रूप से 50 पौधे रोपे. अभियान में आम के 6, अमरूद के 5, कटहल के 3, बेलपत्र के 3, शहतूत के 4, जामफल के 5, आंवला के 5, अर्जुन के 6, सागौन के 4, गुड़हल के 3, बांस के 3 तथा जामुन के 3 पौधे लगाए गए.

# शिकायत करने पहुंचे तो आरक्षक ने की अभद्रता, मारपीट

**नवभारत न्यूज, पचोर 02 जुलाई, सं.** पारिवारिक विवाद की शिकायत करने पचोर थाने पहुंचे एक ग्रामीण से थाने में पदस्थ आरक्षक द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है. पूरे प्रकरण की शिकायत पुलिस अधीक्षक अमित सुरेश तोलानी से की गई है. जानकारी के अनुसार ग्राम नारायणिया निवासी रमेश धाकड़ का अपने परिवार में विवाद होने के बाद वे शिकायत करने पचोर थाने पहुंचे थे. रमेश धाकड़ ने बताया कि वे उस दौरान एक अन्य आरक्षक से बात कर रहे थे उसी समय बलराम नाम के आरक्षक ने उनसे अभद्र भाषा का प्रयोग किया. रमेश धाकड़ का आरोप है कि प्रतिकार करने पर आरक्षक ने उनसे मारपीट की. वहीं मेडिकल के लिए ले जाते समय बाईक पर उन्हें मारा. इतना ही नहीं थाना परिसर में भी आरक्षक ने कॉलर पकड़कर चांटे मारे. घटना के बाद फरियादी और पीड़ित मानसिक रूप से टूट चुका है. साथ ही एसपी को भी इसकी शिकायत की गई है.

# समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**दैनंदिनी समस्याओं को लेकर जिला इंकाध्यक्ष प्रियवृत सिंह के नेतृत्व में इंकाई करेंगे प्रदर्शन**

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 02 जुलाई,का. मूलभूत समस्याओं को लेकर स्थानीय इंकाई आज गुरूवार 3 जुलाई को जन समस्याओं को लेकर जिला इंकाध्यक्ष प्रियवृत सिंह के नेतृत्व में इंकाई प्रदर्शन करेंगे.**

नगर कांग्रेस के अनुसार खिलचीपुर नगर के लोग बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर, बड़े हुए बिजली के बिल,सड़कों पर हो रहे गड्ढे जैसी का अनेकों समस्याओं से परेशान है. नगर कांग्रेस ने स्थानीय स्तर पर प्रदर्शन करते हुए नुक्कड़ सभा का कार्यक्रम रखा गया है. सायं 5 बजे अंबेडकर जी के समीप भोजपुर नाका से तोपखाना गेटे होते हुए नगर के मुख्य मार्गो से होकर बस स्टेंड पर समापन होगा.

इंका कार्यकर्ताओं द्वारा लंबे समय बाद इस प्रकार का प्रदर्शन किया जा रहा है. जिला इंकाध्यक्ष प्रियवृत सिंह के नेतृत्व में यह प्रदर्शन होने से इंकाईयों में उत्साह का माहौल है.

---

**विकास** ग्राम गोरखपुरा में औद्योगिक गतिविधियों हेतु भूमि आवंटन के संबंध में सार्वजनिक सूचना जारी

# गोरखपुरा की 15 हेक्टेयर भूमि पर लगेंगे उद्योग, भूमि आवंटन शुरू

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 जुलाई, का. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजगढ़ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि ग्राम गोरखपुरा, तहसील राजगढ़ स्थित खसरा क्रमांक 522 रकबा 14.960 हेक्टेयर तथा खसरा क्रमांक 680/1 रकबा 18.438 हेक्टेयर भूमि का सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग भोपाल की मांग के अनुसार औद्योगिक गतिविधियों के संचालन हेतु भूमि आवंटन प्रस्तावित है.**

यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा अन्य किसी पक्ष को उक्त भूमि आवंटन के संबंध में कोई आपत्ति, दावा या स्वत्व हो, तो वह प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर आवश्यक साक्ष्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रूप में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय, राजगढ़ में प्रस्तुत कर सकता है. निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा यह माना जाएगा कि प्रस्तावित भूमि आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति नहीं है. इसके उपरांत भूमि आवंटन की अग्रिम




### मार्च से भूमि की तलाश में था प्रशासन

इधर उक्त आशय के लिए भूमि को लेकर जिला कलेक्टर द्वारा सभी विभागों की समीक्षा बैठक में मार्च माह में राजस्व विभाग को भूमि के चयन के लिए निर्देशित किया था. मार्च में कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद अब गोरखपुरा गांव में 15 हैक्टेयर भूमि का चयन कर लिया है. भूमि आवंटन के बाद एमएसएमई ईकाईयों के लिए प्रक्रिया शुरू होगी.

### सिविल, मैकेनिकल, केमिकल ब्रांचों में प्रवेश के लिए नि :शुल्क पंजीयन

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय राजगढ़ में तकनीकी शिक्षा विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में कुछ शेष बची सीटों में अहरकारी परीक्षा 10वी के आधार पर प्रवेश के लिए संस्था स्तर की काउंसलिंग प्रक्रिया हेतु पंजीयन 04 जुलाई से प्रारंभ किए जाएंगे. रजिस्ट्रेशन उपरान्त प्रवेश हेतु 06 जुलाई को छात्र-छात्राएं संस्था में स्वयं उपस्थित होकर समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रवेश प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं. प्रवेश उपरांत छात्र-छात्राएं निम्नानुसार छात्रवृत्ति का लाभ पात्रता अनुसार प्राप्त कर सकेंगे. दिव्यांग छात्र छात्राओं को एआईसीटीई सक्षम स्कॉलरशिप स्कीम अंतर्गत प्रतिवर्ष 50 हजार रुपये की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी. छात्राओं को एआईसीटीई प्रगति स्कॉलरशिप स्कीम अंतर्गत 50 हजार रुपये की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी. पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना एवं अन्य. साथ ही कोविड-19 की वजह से माता या पिता दोनों की दिवंगत होने पर, आर्मड और सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्सेस में शहीद हुए जवानों के बच्चों को एआईसीटीई स्वनाथ स्कॉलरशिप स्कीम के तहत 50 हजार रूपए की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी. छात्र-छात्राओं को एआईसीटीई यशस्वी स्कालरशिप स्कीम अंतर्गत 30 हजार रुपये की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी.

# दत्तक बेटे ने 74 साल के बुजुर्ग दंपती को घर से निकाला

शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 02 जुलाई, का. माचलपुर के नाना बाजार निवासी 74 वर्षीय वृद्ध वाहिद शाह ने अपने दत्तक पुत्र और उसकी पत्नी पर प्रधानमंत्री आवास में ताला लगाकर उन्हें और उनकी पत्नी जन्नत बी को घर से बेदखल करने का आरोप लगाया है.**

मामले में माचलपुर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन बुजुर्ग का कहना है कि शिकायत और पंचनामा बनने के बाद भी उन्हें अपने ही घर में प्रवेश नहीं मिल सका है.

वाहिद ने पुलिस को बताया कि संतान नहीं होने पर उन्होंने करीब एक वर्ष पहले सोयत निवासी शरीफ पुत्र अहमद को दत्तक पुत्र बनाया था. आरोप है कि शरीफ और उसकी पत्नी शब्बो बी ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी और उनके प्रधानमंत्री आवास में ताला लगा दिया. पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है.

वृद्ध ने बताया कि मामले की शिकायत उप तहसील कार्यालय में भी की गई थी. इसके बाद 15 जून को कस्बा पटवारी, नगर परिषद के कर्मचारियों और पुलिस की मौजूदगी में पंचनामा तैयार किया गया.

पंचनामे में दत्तक पुत्र द्वारा अगले दिन मकान खाली करने की बात भी दर्ज की गई, लेकिन लंबे समय बाद भी ताला नहीं खुला. वहीं नगर परिषद के सीएमओ देवेंद्र वत्स ने कहा कि आवास निर्माण तक ही परिषद की जिम्मेदारी है, विवाद का निराकरण पुलिस और राजस्व विभाग के स्तर का विषय है. थाना प्रभारी आदित्य सोनी ने बताया कि प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है.